आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आज नई दिल्ली में हुयी बैठक में किसानों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। मंत्रिमण्डल के निर्णयों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि किसानों का जीवन बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिये सरकार दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रूपये के निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना करेगी। इसके अलावा खाद्य और पोषण के फसल विज्ञान के लिये तीन हजार नौ सौ उन्यासी करोड़ रूपये का कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। मंत्रिमण्डल ने कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिये दो हजार दो सौ बानबे करोड़ रूपये के कार्यक्रम और बागवानी विकास के लिये एक हजार दो सौ दो करोड़ रूपये के आवंटन को भी मंजूरी दी है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में रामपुर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन और करीब चार सौ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके पहले मुरादाबाद पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तो इसमें एक बड़ी भूमिका उत्तर प्रदेश पुलिस बल की भी है। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ने पर जोर दिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों घटित मानव–वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आज लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और अधिकारियों को मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनिटरिंग करने और घटनाओं के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन–जागरूकता का अभियान चलाया जाना चाहिए, साथ ही, लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री की बैठक के बाद मानव–वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी जिलों के जिलाधिकारियों ने अपने–अपने जिलों में पुलिस, वन विभाग, पंचायत और राजस्व विभाग को जरूरी दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

****

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आज शाम साढ़े छः बजे से क्लब फुटबॉल की दो मशहूर टीमों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच चीफ मिनिस्टर कप फुटबॉल मैच खेला जायेगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

लखनऊ शहर के लिए आज की शाम ऐतिहासिक होगी जब कोलकाता के दो दिग्गज क्लब केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मैदान पर भिड़ेंगे और दर्शकों के लिए एंट्री फ्रीरहेगी। 1925 में कोलकाता से शुरू हुई इस प्रतिद्वंद्विता के चलते मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल एफसी देश भर के 22 शहरों में 340 बार एक–दूसरे के खिलाफ भिड़ चुके हैं लेकिन लखनऊ में ऐसा पहली बार होगा। इसके बाद अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में लगभग एक लाख फुटबॉल बांटने का कार्यक्रम शुरू हो जायेगा।

****

गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्पॉट राउंड काउंसिलिंग के जरिये कल बीटेक की तीन सौ इक्यानबे सीटों पर प्रवेश लिया जायेगा। इनमें प्रदेश के अभ्यर्थियों के लिये तीन सौ पैंतीस और दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों के लिये छप्पन सीटें उपलब्ध रहेंगीं। विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति के प्रभारी प्रोफेसर श्रीराम चौरसिया ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नये सिरे से कल सुबह दस बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं।

****

गोरखपुर से बलिया के बीच आज से यूपी रोडवेज की नई बस सेवा का शुभारंभ हो गया। गोरखपुर के राप्ती नगर डिपो से बलिया के लिए आज सुबह 6 बजे, 7 और 8 बजे से कुल तीन बस चलाई गई। इसके साथ ही बलिया से वापसी दोपहर 2 बजे के बाद सभी बसों ने बारी बारी से की। गोरखपुर से सीधे बलिया के लिए बस मिलने पर यात्रियों में काफी खुशी का माहौल देखा गया।

****

कुशीनगर जिले में पिछले दस दिनों से मौसम के बदले रुख ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धान की बाली निकलने के समय अधिक तापमान से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र सेवरही के प्रभारी डॉक्टर अशोक राय ने बताया कि धान की फसल के बेहतर उत्पादन के लिए अधिकतम तापमान अट्ठाइस से तीस डिग्री सेल्सियस और खेतों में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगैती किस्म की धान की प्रजातियों में बालियां निकलने का समय चल रहा है। किसानों को चाहिए कि अगर खेत सूख रहें हैं तो उसकी नियमित सिंचाई करते रहें।

****